आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
गुरुवार 14.05.2026
समय 1305

मुख्य समाचार :—

- प्रदेश में चारधाम यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह। तीर्थयात्रियों की संख्या ने 12 लाख 60 हजार के आंकड़े को पार किया।
- राष्ट्रीय कृषि विकास योजना से सहसपुर और विकासनगर के किसानों को मिली नई पहचान। हाइब्रिड धान बीजों के प्रयोग से बेहतर उत्पादन और अधिक आय का मिल रहा लाभ।
- भारत ने घरेलू कीमतों पर नियंत्रण के लिए इस वर्ष सितंबर तक चीनी के निर्यात पर प्रतिबंध लगाया।
- पिंडारी ट्रैक पर उमड़ रहे पर्यटक। पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता को लेकर वन विभाग ने चलाया स्वच्छता अभियान।

## चारधाम यात्रा

प्रदेश में चारधाम यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह है। अब तक चारों धाम में श्रद्धालुओं की संख्या 12 लाख 60 हजार के आंकड़े को पार कर चुकी है। सबसे ज्यादा 5 लाख 23 हजार से अधिक श्रद्धालु केदारनाथ धाम के दर्शन कर चुके हैं। वहीं, बदरीनाथ में 3 लाख 24 हजार से अधिक और गंगोत्री व यमुनोत्री धाम में 2—2 लाख से अधिक तीर्थयात्री पहुंचे हैं। वहीं, केदारनाथ दर्शन के लिए अहमदाबाद से आए श्रद्धालु क्रुणाल चावला ने यात्रा व्यवस्थाओं को लेकर सरकार की सराहना की।

इस बीच, उच्च हिमालयी क्षेत्र की यात्रा होने से प्रदेश सरकार, मौसम की स्थिति पर भी पूरी नजर रखे हुए है। शासन के वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि मौसम प्रतिकूल होने पर हर एक श्रद्धालु की सुरक्षा और सुविधा का पूरा ध्यान रखा जाए। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि चारधाम यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि श्रद्धाल सुगमता से दर्शन कर सकें, इसके लिए स्लॉट प्रबंधन और भीड़ नियंत्रण प्रणाली को प्रभावी बनाया गया है। रियल टाइम डिजिटल निगरानी प्रणाली का उपयोग किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मौसम पर नजर रखने के लिए विशेष निगरानी तंत्र बनाया गया है और सरकार हर परिस्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है।

हाइब्रिड धान बीज

देहरादून जिले के सहसपुर और विकासनगर ब्लॉक में राष्ट्रीय कृषि विकास योजना किसानों के लिए समृद्धि का नया द्वार खोल रही है। परम्परागत खेती में सीमित उत्पादन और कम आय से जूझ रहे किसानों को अब हाईब्रिड धान बीजों के प्रयोग से बेहतर उत्पादन और अधिक आय का लाभ मिल रहा है। वर्ष 2025–26 में कृषि विभाग की ओर से राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अंतर्गत सहसपुर और विकासनगर की 20 ग्राम पंचायतों के 70 किसानों को 28 कुंतल हाइब्रिड धान बीज वितरित किए गए। योजना के तहत 70 हेक्टेयर कृषि भूमि को परंपरागत खेती से हाइब्रिड धान उत्पादन क्षेत्र में परिवर्तित किया गया, जिसके परिणाम बेहद उत्साहजनक रहे। पहले किसान एक हेक्टेयर भूमि से लगभग 45 कुंतल धान उत्पादन करते थे और उनकी औसत आय करीब 81 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर थी। हाईब्रिड बीजों के उपयोग के बाद धान की उपज बढ़कर 62 कुंतल प्रति हेक्टेयर तक पहुंच गई। साथ ही किसानों की आय बढ़कर लगभग 1 लाख 13 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर हो गई। कम क्षेत्रफल में अधिक उत्पादन मिलने से किसानों का उत्साह बढ़ा है और आसपास के अन्य किसान भी हाईब्रिड धान बीज अपनाने के लिए प्रेरित हो रहे हैं। कृषि विभाग की यह पहल ग्रामीण क्षेत्रों में आधुनिक कृषि तकनीकों को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण साबित हो रही है।

कांग्रेस ज्ञापन

उत्तराखंड कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल के नेतृत्व में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह से मुलाकात कर कानून व्यवस्था और नर्सिंग अभ्यर्थियों सहित विभिन्न मुद्दों को लेकर ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने राज्य में कानून व्यवस्था में सुधार लाने और नर्सिंग अभ्यर्थियों के मामले में स्वास्थ्य महानिदेशक की ओर से भेजे गए प्रस्ताव के अनुरूप निर्णय लेने के लिए राज्य सरकार को निर्देशित करने की मांग की। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है, जिस पर सरकार को गंभीरता से कदम उठाने की आवश्यकता है। साथ ही नर्सिंग अभ्यर्थियों के हितों को ध्यान में रखते हुए लंबित मामलों में शीघ्र निर्णय लिया जाना चाहिए।

चीनी निर्यात प्रतिबंध

सरकार ने घरेलू कीमतों पर नियंत्रण के लिए इस वर्ष सितंबर या अगले आदेश तक चीनी के निर्यात पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगा दिया है। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के अधीन विदेश व्यापार महानिदेशालय की अधिसूचना में यह जानकारी दी गई है। यह प्रतिबंध अमरीका, यूरोपीय संघ और अन्य देशों की खाद्य सुरक्षा आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए निर्यात की जा रही चीनी पर लागू नहीं होगा। निर्यात प्रक्रिया में पहले से मौजूद खेपों को भी छूट दी गई है।

<u>पिंडारी ग्लेशियर ट्रैक</u>

बागेश्वर का विश्व प्रसिद्ध पिंडारी ग्लेशियर ट्रैक इस पर्यटन सीजन में ट्रैकर्स की पहली पसंद बना हुआ है। 15 अप्रैल से ट्रैकिंग के लिए खोले गए पिंडारी ट्रैक रूट पर अब तक एक हजार 106 पर्यटक पंजीकरण करा चुके हैं। लगातार बढ़ रही पर्यटकों को देखते हुए बागेश्वर वन प्रभाग ने ट्रैक रूट पर पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता को लेकर विशेष अभियान तेज कर दिया है। ग्लेशियर रेंज अधिकारी डॉली डोगाल ने छह सदस्यीय टीम के साथ ट्रैक मार्ग का निरीक्षण किया। इस दौरान पर्यटकों और स्थानीय गाइडों के सहयोग से सफाई अभियान भी चलाया गया। वन विभाग की टीम ने जीरो प्वाइंट से खाती तक ट्रेक रूट से करीब 25 किलोग्राम प्लास्टिक और अन्य कचरा एकत्र किया। प्रभागीय वनाधिकारी आदित्य रत्न ने कहा कि पिंडारी ट्रैक दुर्गम और संवेदनशील क्षेत्र में स्थित है, इसलिए सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण दोनों को प्राथमिकता देना बेहद जरूरी है।

<u>नशा जागरुकता</u>

नशा मुक्त भारत अभियान के तहत अल्मोड़ा पुलिस की ओर से जिले में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत सार्वजनिक स्थानों, मेडिकल कॉलेज, विद्यालयों और महाविद्यालयों में पुलिस जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर अधिक से अधिक छात्र छात्राओं और लोगों को नशे के दुष्प्रभाव को लेकर जागरूक कर रही है। इसी क्रम में विवेकानंद पर्वतीय कृषि अनुसंधान संस्थान अल्मोड़ा परिसर में जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। पुलिस उपाधीक्षक बलवंत सिंह रावत ने बताया कि अल्मोड़ा पुलिस, मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए लगातार कार्रवाई कर रही है। इसके अलावा जनता के बीच जाकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि युवाओं में नशे की प्रवृति पर रोक लगे।

कार्यक्रम में रेडक्रॉस सोसायटी के स्वास्थ्य प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष डॉ. जे.सी दुर्गापाल ने कहा कि नशे के दुष्प्रभावों से युवाओं को बचाने के लिए सभी को आगे आना होगा, ताकि समाज को अच्छी दिशा में ले जाएं।